राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक : 1]   चौदहवीं विधान सभा के पहले सत्र का पहला दिवस   [संख्या : 1

मंगलवार,

21 जनवरी, 2014

(राजस्थान विधान सभा की बैठक 11.00 बजे राजस्थान विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।)

(श्री प्रद्युम्न सिंह, अस्थायी अध्यक्ष, पदासीन)

राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।
सुजलाम् सुफलाम् मलयज शीतलाम्।
शस्य श्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।
शुभ्र ज्योत्स्ना पुलकित यामिनी।
फुल्ल कुसुमित द्रुमदल शोभिनी।
सुहासिनी सुमधुर भाषिणी।
सुखदाम् वरदाम् मातरम्।
वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।

सदन पटल पर रखे गये पत्र

अधिसूचना

संसदीय कार्य विभाग

प्रद्युम्न सिंह, श्री, सदस्य, राजस्थान विधान सभा की अस्थायी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

श्री अध्यक्ष: सचिव, राजस्थान विधान सभा, पढ़ी जाने वाली अधिसूचनाएं।

सचिव, राजस्थान विधान सभा: महोदय, राजाखेड़ा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित श्री प्रद्युम्न सिंह की सामयिक अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति, उनके समक्ष विधान सभा के सदस्यों द्वारा शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने, अस्थायी अध्यक्ष की सहायतार्थ की गई नियुक्तियां तथा अस्थायी अध्यक्ष द्वारा

(सचिव)

दिनांक 20 जनवरी, 2014 को सायं 4.30 बजे राज्यपाल महोदय के सम्मुख सदस्य के रूप में शपथ लेने सम्बन्धी अधिसूचनाएं निम्न प्रकार हैं:-

(1) अधिसूचना क्रमांक: प.1(1)संसद/2013 दिनांक 02 जनवरी, 2014

''यत: अध्यक्ष का पद चौदहवीं राजस्थान विधान सभा के प्रथम सत्र का प्रारम्भ होने से ठीक पूर्व 21 जनवरी, 2014 को रिक्त हो जाएगा; और

यत: उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त हो गया है।

अत: भारत के संविधान के अनुच्छेद-180 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं मार्ग्रेट आल्वा, राज्यपाल, राजस्थान, राजाखेड़ा (80) विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित चौदहवीं राजस्थान विधान सभा के सदस्य श्री प्रद्युम्न सिंह को उक्त सत्र के प्रारम्भ होने से सदन द्वारा अध्यक्ष के निर्वाचन किये जाने तक अध्यक्ष के कृत्यों का पालन और कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिये, एतदद्वारा नियुक्त करती हूं।

मार्ग्रेट आल्वा,

राज्यपाल, राजस्थान''

(2) अधिसूचना क्रमांक: प.1(1) संसद/2013 दिनांक 02 जनवरी, 2014

''भारत के संविधान के अनुच्छेद-188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, मार्गेट आल्वा, राज्यपाल, राजस्थान, श्री प्रद्युम्न सिंह, जो राजाखेड़ा विधान सभा क्षेत्र (80) से चौदहवीं राजस्थान विधान सभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए हैं, को एतदद्वारा उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त करती हूं, जिनके समक्ष चौदहवीं राजस्थान विधान सभा के सदस्य शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे तथा उस पर हस्ताक्षर करेंगे।

मार्ग्रेट आल्वा,

राज्यपाल, राजस्थान''

(3) अधिसूचना क्रमांक: प.1(1) संसद/2013 दिनांक 02 जनवरी, 2014

''दिनांक 02.01.2014 के उस आदेश के अनुसरण में, जिसके द्वारा श्री प्रद्युम्न सिंह, अस्थायी अध्यक्ष को, उस व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया

(सचिव)

गया है जिनके समक्ष चौदहवीं राजस्थान विधान सभा के नव-निर्वाचित सदस्य शपथ ले सकेंगे या प्रतिज्ञान कर सकेंगे और उस पर हस्ताक्षर कर सकेंगे, मैं, मार्ग्रेट आल्वा, राज्यपाल, राजस्थान, भारत के संविधान के अनुच्छेद-188 द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त प्रयोजन के लिए श्री प्रद्युम्न सिंह, राजाखेड़ा (80) की सहायता करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को भी एतद्द्वारा नियुक्त करती हूं:-

(1) श्री सुन्दरलाल

(2) श्री नारायण सिंह

(3) श्री घनश्याम तिवाड़ी

मार्ग्रेट आल्वा,

राज्यपाल, राजस्थान"

(4) अधिसूचना क्रमांक: प.14(1)/सदन/विस/2014, दिनांक 20 जनवरी, 2014

''श्री प्रद्युम्न सिंह, सदस्य, राजस्थान विधान सभा ने भारत के संविधान की तृतीय अनुसूची में दिए गए प्रपत्र-7-ख के अनुसार दिनांक 20 जनवरी, 2014 को सायं 4.30 बजे राज्यपाल महोदय के समक्ष शपथ ग्रहण कर ली है।"

मैं इन अधिसूचनाओं को सदन की मेज पर रखता हूं।

सभापति तालिका

श्री अध्यक्ष: मैं माननीय सदस्यों को सूचित करता हूं कि मैं प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 9 (1) के अन्तर्गत निम्नांकित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए मनोनीत करता हूं:-

(1) श्री नारायण सिंह,

(2) श्री सुन्दर लाल, व

(3) श्री घनश्याम तिवाड़ी ।

सचिव, विधान सभा पहले मंत्रिपरिषद के सदस्य, फिर सभापति तालिका के लिये मनोनीत सदस्य और फिर वर्ण क्रमानुसार सदस्यों के नाम पुकारेंगे। सदस्य अपने स्थान से आगे पधारेंगे, शपथ लेंगे अथवा प्रतिज्ञान करेंगे और सदस्य नामावली पर अपने हस्ताक्षर करेंगे।

शपथ/प्रतिज्ञान

नव-निर्वाचित सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान

(माननीय सदस्यों ने उनके नाम के सम्मुख अंकित भाषा में शपथ ग्रहण की/प्रतिज्ञान किया)

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
1.	श्रीमती वसुन्धरा राजे (झालरापाटन)	शपथ	हिन्दी
2.	श्री गुलाबचन्द कटारिया (उदयपुर)	शपथ	हिन्दी
3.	श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़)	शपथ	हिन्दी
4.	श्री राजेन्द्र राठौड़ (चूरू)	शपथ	हिन्दी
5.	श्री कालीचरण सराफ (मालवीय नगर)	शपथ	हिन्दी
6.	श्री कैलाशचन्द्र मेघवाल (शाहपुरा)	शपथ	हिन्दी
7.	श्री सांवरलाल जाट (नसीराबाद)	शपथ	हिन्दी
8.	श्री प्रभुलाल सैनी (अन्ता)	शपथ	हिन्दी
9.	श्री गजेन्द्र सिंह (लोहावट)	शपथ	हिन्दी
10.	श्री युनूस खान (डीडवाना)	शपथ	हिन्दी
11.	श्री अरुण चतुर्वेदी (सिविल लाइन्स)	शपथ	संस्कृत
12.	श्री अजय सिंह (डेगाना)	शपथ	हिन्दी
13.	श्री हेमसिंह भड़ाना (थानागाजी)	शपथ	हिन्दी
14.	श्री सुन्दर लाल (पिलानी)	शपथ	हिन्दी
15.	श्री नारायण सिंह (दांतारामगढ़)	शपथ	हिन्दी
16.	श्री घनश्याम तिवाड़ी (सांगानेर)	शपथ	संस्कृत
17.	श्रीमती अंजूदेवी धानका (बस्सी)	शपथ	हिन्दी
18.	श्री अजीत सिंह (टोंक)	शपथ	हिन्दी
19.	श्रीमती अनिता कटारा (सागवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
20.	श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण)	शपथ	हिन्दी
21.	श्रीमती अनीता सिंह (नगर)	शपथ	हिन्दी
22.	श्री अभिषेक मटोरिया (नोहर)	शपथ	हिन्दी
23.	श्री अमराराम (पचपदरा)	शपथ	हिन्दी

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
24.	श्री अमृतलाल मीणा (सलूम्बर)	शपथ	हिन्दी
25.	श्रीमती अमृता मेघवाल (जालौर)	शपथ	हिन्दी
26.	श्री अर्जुन लाल जीनगर (कपासन)	शपथ	हिन्दी

सचिव: श्री अर्जुन लाल बिलाड़ा।

श्री अर्जुन लाल (बिलाड़ा) : अध्यक्ष महोदय, 1 जनवरी, 2009 को मुझे सियासत ने राजस्थानी में शपथ लेने की व्यवस्था दी थी इसलिये मैं राजस्थानी भाषा में शपथ लेना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष: मैं माफी चाहूंगा। मैं आपको राजस्थानी में अलाउ नहीं कर सकूंगा।

श्री अर्जुन लाल (बिलाड़ा) : इसी आसन ने व्यवस्था दी थी।

श्री अध्यक्ष: अभी राजस्थानी भाषा को मान्यता प्राप्त नहीं हुई है। आप हिन्दी में या अन्य किसी भाषा में, जो संविधान में निहित है, उसी के अनुरूप शपथ लें। आप हिन्दी में ले लें। राजस्थानी में नहीं।

27.	श्री अर्जुन लाल (बिलाड़ा)	शपथ	हिन्दी
28.	श्रीमती अलका सिंह (बांदीकुई)	शपथ	हिन्दी

श्री घनश्याम तिवाड़ी (सांगानेर) : अध्यक्ष महोदय, पति-पत्नी हमेशा साथ रहते हैं, आपने किरोड़ी लालजी को आगे और गोलमाजी को पीछे कर दिया। और दूसरा, नाथूसिंहजी को बाहर स्पीकर गैलेरी में बिठा दिया। ये दो गड़बड़ी आपने की हैं। अध्यक्ष महोदय, व्यवस्था में संशोधन करिये। पति-पत्नी साथ रहने चाहिये।

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
	श्री अशोक (हिण्डौली)	अनुपस्थित	
29.	श्री अशोक गहलोत (सरदारपुरा)	शपथ	हिन्दी
30.	श्री अशोक डोगरा (बूंदी)	शपथ	हिन्दी
31.	श्री अशोक परनामी (आदर्श नगर)	शपथ	हिन्दी
32.	श्री ओटाराम देवासी (सिरोही)	शपथ	हिन्दी
	श्री ओम बिरला (कोटा दक्षिण)	अनुपस्थित	
33.	श्री ओमप्रकाश हुड़ला (महवा)	शपथ	हिन्दी

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
34.	श्री कंवरलाल (मनोहरथाना)	शपथ	हिन्दी
35.	श्री कन्हैया लाल (मालपुरा)	शपथ	हिन्दी
36.	श्रीमती कमसा (भोपालगढ़)	शपथ	हिन्दी
37.	श्री कल्याण सिंह चौहान (नाथद्वारा)	शपथ	हिन्दी
38.	श्रीमती कामिनी जिन्दल (श्रीगंगानगर)	शपथ	हिन्दी
39.	श्री कालूलाल गुर्जर (मांडल)	शपथ	हिन्दी
40.	श्रीमती किरण माहेश्वरी (राजसमन्द)	शपथ	हिन्दी
41.	डा. किरोड़ीलाल (लालसोट)	शपथ	हिन्दी
42.	श्री किशनाराम नाई (डूंगरगढ़)	शपथ	हिन्दी
43.	सुश्री कीर्तिकुमारी (माण्डलगढ़)	शपथ	हिन्दी
	श्री कुंजीलाल (बामनवास)	अनुपस्थित	
44.	श्री कृष्ण कड़वा (संगरिया)	शपथ	हिन्दी
45.	श्रीमती कृष्णेन्द्र कौर (दीपा) (नदबई)	शपथ	हिन्दी
46.	श्री केसाराम चौधरी (मारवाड़ जंक्शन)	शपथ	हिन्दी
47.	श्री कैलाश चौधरी (बायतू)	शपथ	हिन्दी
48.	श्री कैलाश भंसाली (जोधपुर)	शपथ	हिन्दी
49.	श्री कैलाश वर्मा (बगरू)	शपथ	हिन्दी
50.	श्री खेमाराम (सुजानगढ़)	शपथ	हिन्दी
51.	श्री गिर्राज सिंह (बाड़ी)	शपथ	हिन्दी
52.	श्रीमती गीता वर्मा (सिकराय)	शपथ	हिन्दी
53.	श्री गुरजण्ट सिंह (सादुलशहर)	शपथ	हिन्दी
54.	श्री गोतम कुमार (बड़ी सादड़ी)	शपथ	हिन्दी
55.	श्री गोतमलाल (धरियावद)	शपथ	हिन्दी

श्री गोपाल कृष्ण (बीकानेर पश्चिम): अध्यक्ष महोदय, मेरा एक निवेदन है। अध्यक्ष महोदय, एक निवेदन है।

अध्यक्ष महोदय, मैंने निवेदन किया कि मैं राजस्थानी में शपथ लेना चाहूं।

श्री अध्यक्ष: मैंने पूर्व में भी निवेदन किया है कि आप हिन्दी में लें, राजस्थानी को अभी तक मान्यता प्राप्त नहीं हुई है संविधान में। मैं असमर्थ हूं। (व्यवधान)

श्री गोपाल कृष्ण (बीकानेर पश्चिम): इसमें निवेदन यह है कि विधायकों को जो पुस्तक देते हैं, जिसमें नियम वगैरह लिखे हुए हैं कि सचिवालय कैसे चलेगा, उसके अन्दर शपथ लिखी हुई है ...(व्यवधान)

एक मिनट, आप मेरी अर्ज तो सुन लो। उसमें यह कहीं नहीं है लिखी हुई कि इसमें राजस्थानी में नहीं ले सकते या किस भाषा में आप लोगे। समझे न, और राजस्थानी में लेने का कोई प्रतिबन्ध नहीं है। शपथ लेंगे, एक सिर्फ 'शपथ लेंगे' शब्द है। 'शपथ लेंगे' शब्द है।

श्री अध्यक्ष: प्लीज, आप हिन्दी में पढ़ें। प्लीज। I will be grateful.

(11.53 बजे)

(**श्री नारायण सिंह, सभापति, पदासीन**)

श्री गोपाल कृष्ण (बीकानेर पश्चिम): अब आसन की आज्ञा तो माननी पड़ेगी लेकिन बात यह है कि अब घर में राजस्थानी बोलते हैं, सारा राजस्थान जो है राजस्थानी बोलता है। कोई बात नहीं, मैं आपके आदेश की पालना करते हुए ...

श्री सभापति: करिये, शुरू करिये।

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
56.	श्री गोपाल कृष्ण (बीकानेर पश्चिम)	शपथ	हिन्दी
57.	श्री गोपी चन्द मीणा (आसपुर)	शपथ	हिन्दी
58.	श्री गोरधन (धोद)	शपथ	हिन्दी
59.	श्रीमती गोलमा (राजगढ़-लक्ष्मणगढ़)	शपथ	हिन्दी
60.	श्री गोविन्द सिंह डोटासरा (लक्ष्मणगढ़)	शपथ	हिन्दी
61.	श्री घनश्याम (टोडाभीम)	शपथ	हिन्दी
62.	श्रीमती चन्द्रकान्ता मेघवाल (रामगंजमण्डी)	शपथ	हिन्दी
63.	श्री चन्द्रभान सिंह 'आक्या' (चित्तौड़गढ़)	शपथ	हिन्दी
64.	श्री छोटू सिंह (जैसलमेर)	शपथ	हिन्दी
65.	कु. जगतसिंह (कामां)	शपथ	हिन्दी
66.	श्री जगदीश नारायण (जमवारामगढ़)	शपथ	हिन्दी

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
67.	श्री जगसी राम (रेवदर)	शपथ	हिन्दी
68.	श्री जय नारायण पूनियां (तारानगर)	शपथ	हिन्दी
69.	श्री जयराम जाटव (अलवर ग्रामीण)	शपथ	हिन्दी
70.	डा. जसवन्त सिंह यादव (बहरोड़)	शपथ	हिन्दी
71.	श्री जितेन्द्र कुमार गोठवाल (खण्डार)	शपथ	हिन्दी
72.	श्री जीतमल खांट (गढ़ी)	शपथ	हिन्दी
73.	श्री जोगाराम पटेल (लूणी)	शपथ	हिन्दी
74.	श्री ज्ञानचन्द पारख (पाली)	शपथ	हिन्दी
	श्री ज्ञानदेव आहूजा (रामगढ़)	अनुपस्थित	
75.	श्री झाबर सिंह खर्रा (श्रीमाधोपुर)	शपथ	हिन्दी
76.	श्री तरुण राय कागा (चौहटन)	शपथ	सिंधी
77.	श्री दर्शन सिंह (करौली)	शपथ	हिन्दी
78.	श्री दलीचन्द डांगी (मावली)	शपथ	हिन्दी
79.	राजकुमारी दियाकुमारी (सवाई माधोपुर)	शपथ	हिन्दी

(12.00 बजे)

(**श्री घनश्याम तिवाड़ी, सभापति, पदासीन**)

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
80.	श्री देवेन्द्र कटारा (डूंगरपुर)	शपथ	हिन्दी
81.	श्रीमती द्रोपती (पीलीबंगा)	शपथ	हिन्दी
82.	श्री धनसिंह रावत (बांसवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
83.	श्री धर्मपाल चौधरी (मुण्डावर)	शपथ	हिन्दी
84.	श्री धीरज गुर्जर (जहाजपुर)	शपथ	हिन्दी
	श्री नन्दकिशोर महरिया (फतेहपुर)	अनुपस्थित	
85.	श्री नरपत सिंह राजवी (विद्याधर नगर)	शपथ	हिन्दी
86.	श्री नरेन्द्र कुमार (मण्डावा)	शपथ	हिन्दी

श्री सभापति: माननीय सदस्य सुनें, गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण है।

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
87.	श्री नरेन्द्र नागर (खानपुर)	शपथ	हिन्दी
88.	श्री नवनीत लाल (घाटोल)	शपथ	हिन्दी

क्र.सं.	सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
89.	श्री नवीन पिलानिया (आमेर)	शपथ	हिन्दी
90.	श्री नाना लाल अहारी (खैरवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
91.	श्री नारायण सिंह देवल (रानीवाड़ा)	शपथ	हिन्दी
92.	श्री निर्मल कुमावत (फुलेरा)	शपथ	हिन्दी
93.	श्री पब्बाराम (फलौदी)	शपथ	संस्कृत
94.	श्री पुष्पेन्द्र सिंह (बाली)	शपथ	हिन्दी
95.	श्री पूरणमल सैनी (खेतड़ी)	शपथ	हिन्दी
96.	श्री पूराराम चौधरी (भीनमाल)	शपथ	हिन्दी
97.	श्री प्रताप लाल भील (गोगुन्दा)	शपथ	हिन्दी
98.	श्री प्रताप सिंह (छबड़ा)	शपथ	हिन्दी
99.	श्री प्रहलाद गुंजल (कोटा उत्तर)	शपथ	हिन्दी
100.	श्री प्रेम चन्द बैरवा (दूदू)	शपथ	हिन्दी
101.	श्री प्रेम सिंह बाजौर (नीमकाथाना)	शपथ	हिन्दी
102.	डा. फूलचन्द भिण्डा (विराट नगर)	शपथ	संस्कृत
103.	श्री फूलसिंह मीणा (उदयपुर ग्रामीण)	शपथ	हिन्दी
104.	श्री बंशीधर (खण्डेला)	शपथ	हिन्दी
105.	श्री बच्चू सिंह (बयाना)	शपथ	हिन्दी
106.	श्री बनवारीलाल सिंघल (अलवर शहर)	शपथ	संस्कृत
107.	श्री बहादुर सिंह (वैर)	शपथ	हिन्दी
108.	श्री बाबू सिंह (शेरगढ़)	शपथ	हिन्दी
109.	श्री बाबूलाल वर्मा (केशोरायपाटन)	शपथ	हिन्दी
110.	श्री बालू राम चौधरी (सहाड़ा)	शपथ	हिन्दी
	श्री बी. एल. कुशवाह (धौलपुर)	अनुपस्थित	
111.	श्री बृजेन्द्र सिंह ओला (झुंझुनूं)	शपथ	हिन्दी
	श्री भंवरलाल (सरदारशहर)	अनुपस्थित	
112.	श्री भंवरसिंह (कोलायत)	शपथ	हिन्दी
113.	श्री भवानी सिंह राजावत (लाडपुरा)	शपथ	हिन्दी

क्र.सं. सदस्य का नाम	**शपथ/प्रतिज्ञान**	**भाषा**
114. श्री भागीरथ चौधरी (किशनगढ़)	शपथ	हिन्दी
115. श्री भीमा भाई (कुशलगढ़)	शपथ	हिन्दी
116. श्री भैराराम चौधरी (ओसियां)	शपथ	हिन्दी
117. श्री मंगलराम (कठूमर)	शपथ	हिन्दी
118. डा. मंजू बाघमार (जायल)	शपथ	हिन्दी
119. श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर)	शपथ	हिन्दी
120. श्री मनोज कुमार (सादुलपुर)	शपथ	हिन्दी
121. श्री मनोहर सिंह (लाडनूं)	शपथ	हिन्दी
122. श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया (बागीदौरा)	शपथ	हिन्दी
123. श्री मान सिंह (गंगापुर)	शपथ	हिन्दी
124. श्री मानवेन्द्रसिंह (शिव)	शपथ	हिन्दी
125. श्री मानसिंह किनसरिया (परबतसर)	शपथ	हिन्दी
126. श्री मानिक चन्द सुराना (लूणकरणसर)	प्रतिज्ञान	हिन्दी
127. मास्टर मामन सिंह यादव (तिजारा)	शपथ	हिन्दी
128. श्री मेवाराम जैन (बाड़मेर)	शपथ	हिन्दी
129. श्री मोहन लाल गुप्ता (किशनपोल)	शपथ	संस्कृत
म. रणधीर सिंह भीण्डर (वल्लभनगर)	अनुपस्थित	
130. श्री रतन लाल जलधारी (सीकर)	शपथ	हिन्दी
श्री रमेश (सपोटरा)	अनुपस्थित	
131. श्री राज कुमार रिणवां (रतनगढ़)	शपथ	हिन्दी
132. डा. राजकुमार शर्मा (नवलगढ़)	शपथ	हिन्दी
133. श्रीमती राजकुमारी (हिण्डौन)	शपथ	हिन्दी
श्री राजपाल सिंह शेखावत (झोटवाड़ा)	अनुपस्थित	
134. श्री राजेन्द्र गुर्जर (देवली-उनियारा)	शपथ	हिन्दी
135. श्री राजेन्द्र सिंह भादू (सूरतगढ़)	शपथ	हिन्दी
136. श्री राजेन्द्र सिंह यादव (कोटपूतली)	शपथ	हिन्दी
श्रीमती रानी सिलौटिया (बसेड़ी)	अनुपस्थित	

क्र.सं. सदस्य का नाम	शपथ/प्रतिज्ञान	भाषा
137. श्री राम लाल गुर्जर (आसींद)	शपथ	हिन्दी
138. श्री रामचन्द्र (डग)	शपथ	हिन्दी
139. श्री रामपाल (बारां-अटरू)	शपथ	संस्कृत

श्री सभापति: जो माननीय सदस्य अभी, अब तक के जो नाम आये हैं उनमें छूट गये हैं उनका नाम पुकार लें सचिव महोदय।

140.श्री अशोक (हिण्डौली)	शपथ	हिन्दी
श्री कुंजीलाल (बामनवास)	अनुपस्थित	
श्री ओम बिरला (कोटा दक्षिण)	अनुपस्थित	
141. श्री ज्ञानदेव आहूजा (रामगढ़)	शपथ	हिन्दी
142. श्री नन्दकिशोर महरिया (फतेहपुर)	शपथ	हिन्दी
श्री बी. एल. कुशवाह (धौलपुर)	अनुपस्थित	
श्री भंवरलाल (सरदारशहर)	अनुपस्थित	
म. रणधीर सिंह भीण्डर (वल्लभनगर)	अनुपस्थित	
143. श्री रमेश (सपोटरा)	शपथ	हिन्दी
श्री राजपाल सिंह शेखावत (झोटवाड़ा)	अनुपस्थित	
श्रीमती रानी सिलोटिया (बसेड़ी)	अनुपस्थित	

श्री सभापति: सदन की बैठक बुधवार, दिनांक 22 जनवरी, 2014 के प्रात: 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 13.10 बजे दिनांक 22 जनवरी, 2014 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)